Regarding repair and maintenance of roads in Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency-Laid

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर **(**दादरा और नागर हवेली**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र दादरा और नागर हवेली, अपनी औद्योगिक गतिविधियों और पर्यटन क्षमता के लिए जाना जाता है । पिछले कुछ वर्षों से सड़कों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, जिससे स्थानीय जनता को अनगिनत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । अधिकांश सड़कें खराब रखरखाव और मरम्मत के अभाव के कारण जर्जर हो गई हैं । जिससे नागरिकों, स्कूली बच्चों को अपने कार्यालय, स्कूल और अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुँचने में अतिरिक्त समय लगता है । खराब सड़के और सड़को पर पड़े गड्ढे, उबड़-खाबड़ सतहें और जल-जमाव के कारण मानवीय दुर्घटनाओं की समस्या बढ़ गई है । धूल भरी और टूटी हुई सड़कों से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे श्वसन संबंधी बीमारियाँ होने का खतरा भी बढ़ रहा है । लेकिन उन सड़को की ना मरम्मत की जा रही है और ना रखरखाव किया जा रहा है जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता त्रस्त हो गई है । इसलिए मै सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी से विनम्र निवेदन करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत, रखरखाव और सुधार के लिए तत्काल आवश्यक निर्देश जारी करे जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र की सड़कों की स्थिति में शीघ्र सुधार हो सके ।